p;

Title: Need to provide relief to the farmers of Madhya Pradesh whose crops are damaged due to natural disaster.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं मध्यप्रदेश के आदिवासी मंडला क्षेत्र के बारे में कहना चाहता हूं। अभी पिछली २९ तारीख को मंडला जिले में भयंकर अतिवृष्टि और ओलावृष्टि हुई जिसके कारण वहां के किसान तबाह हो गए। रबी और खरीफ की फसलें नष्ट हो गईं। वहां से किसान काम की तलाश में भाग रहे हैं। आज वहां के किसान और आदिवासियों की भयंकर स्थिति खराब बनी हुई है जिसके कारण भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। प्रदेश सरकार ने कोई भी सहायता प्रभावित किसान और आदिवासियों को नहीं। इसलिए मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वहां के किसान और आदिवासियों को तुरंत सहायता देने के लिए भारत सरकार कुछ कदम उठाए।

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते-जारी मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की ओर से राहत कार्य शुरू करके किसानों की मदद करने की कृपा करें।

... (व्यवधान)

श्री कान्ति लाल भूरिया (झाबुआ): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश सरकार ने वहां के किसानों को राहत दी है।

... (व्यवधान)

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला): अध्यक्ष महोदय, मैं सम्पूर्ण सदन को बताना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश के किसानों की हालत बड़ी खराब है।

... (व्यवधान)

जैसा माननीय भूरिया जी कह रहे हैं।

... (व्यवधान)

मध्य प्रदेश में किसानों की हालत बड़ी खराब है। वहां साल भर निरन्तर वर्षा हुई, अतिवृष्टि हुई और ओले गिरे परन्तु सरकार की ओर से कोई मदद नहीं की गई।

... (व्यवधान)

जबकि माननीय सदस्य यह कह रहे हैं कि मध्य प्रदेश सरकार ने वहां के किसानों को सहायता दी है।

... (व्यवधान)

यह बात ठीक नहीं है। मैं प्रधान मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वे सम्पूर्ण वस्तुस्थिति की जांच करवा कर वहां के किसानों को सहायता दिलाएं।

(Interruptions)*

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते : अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं। ... (व्यवधान) यह आदिवासी जिले का सवाल है और माननीय सदस्य यहां बोल रहे हैं कि उनको सहायता दी गयी है।

... (व्यवधान)

मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि वहां के किसानों की समस्या के बारे में विचार किया जाये। (व्यवधान)

MR. SPEAKAR: Except the speech of Shri Kulaste, nothing will go on record.